# उ0प्र0 एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# (यूपीडा)

## बोर्ड की 84वीं बैठक की कार्यवृत्त।

दिनांक 04.07.2023

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण
सी–13, पर्यटन भवन, द्वितीय तल, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010
☎ 0522 2307592, 2307542 4004523 फैक्स: 0522 4013560

# उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 04.07.2023 को सम्पन्न हुई 84वीं बैठक का कार्यवृत्त।

**बैठक में निम्नलिखित प्रतिभागियों ने भाग लिया :–**

1. श्री मनोज कुमार सिंह, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त –अध्यक्ष
2. श्री नरेन्द्र भूषण, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा –सदस्य सचिव
3. श्री श्रीश चन्द्र वर्मा, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा –सहायक सदस्य/सचिव
4. डा0 अमर सिंह, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन लखनऊ, मण्डल –सदस्य
   (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वित्त विभाग)
5. श्री जी0एस0 वर्मा, मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण, उ0प्र0 शासन –सदस्य
   (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग)
6. श्री अरूणेश कुमार द्विवेदी, संयुक्त सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन –सदस्य
   (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन)
7. श्री राजीव कुमार, वरिष्ठ प्रबन्धक, उ0प्र0 औद्योगिक विकास निगम, लि0 –सदस्य
   (प्रतिनिधि मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 औद्योगिक विकास निगम, लि0)

विशेष आमंत्रीः–

1. श्री विश्वजीत राय, उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं वित्त नियंत्रक, यूपीडा।
2. श्री आर0आर0 सिंह, वरिष्ठ मुख्य महाप्रबन्धक (सिविल), यूपीडा।
3. श्री सलिल कुमार यादव, मुख्य अभियन्ता, यूपीडा।
4. श्री विनय प्रकाश, मुख्य महाप्रबन्धक, यूपीडा।
5. श्री ए0के0 पाठक, मुख्य महाप्रबन्धक (विद्युत), यूपीडा।
6. श्री के0के0 गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार (वित्तीय संस्थाएं), यूपीडा।
7. श्री चुनकू राम पटेल, विशेष कार्याधिकारी (भू–अर्जन), यूपीडा।
8. श्री के0के0 सिंह विसेन, विशेष कार्याधिकारी, यूपीडा।
9. श्री डी0पी0 सिंह, स्टाफ आफिसर अध्यक्ष एवं विशेष कार्याधिकारी, यूपीडा।
10. श्री दयाराम सत्यार्थी, अधीक्षण अभियन्ता, यूपीडा।
11. श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ सलाहकार (प्रोक्योरमेन्ट सेल), यूपीडा।
12. श्री बी0एस0 दुबे, सलाहकार (प्रोक्योरमेन्ट सेल), यूपीडा।
13. डा0 के0के0 अस्थाना, वरिष्ठ प्रबन्धक (वास्तुविद नियोजक), यूपीडा।
14. श्री विनय प्रकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ भू–अर्जन अधिकारी, यूपीडा।
15. श्री अतुल अस्थाना, वरिष्ठ प्रबन्धक (वन), यूपीडा।
16. श्री राजेश तिवारी, अधिशासी अभियन्ता, यूपीडा।
17. श्री आनन्द मोहन उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर, यूपीडा।

उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा निदेशक मण्डल के सदस्यों का 84वीं निदेशक मण्डल की बैठक में स्वागत किया गया एवं सदस्यों की अनुमति से एजेण्डा नोट पर बिन्दुवार चर्चा प्रारम्भ की गईः–

एजेण्डा बिन्दु–01:– **उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 16.05.2023 को सम्पन्न हुई 82वीं एवं परिचालन के माध्यम से सम्पन्न हुई 83वीं बोर्ड बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि हेतु उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा निदेशक मण्डल से अनुरोध किया गया।**

निदेशक मण्डल की सम्पन्न हुई 82वीं एवं परिचालन के माध्यम से सम्पन्न हुई 83वीं बैठक के कार्यवृत्त से अवगत होते हुए कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

एजेण्डा बिन्दु–02:– **उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 16.05.2023 को सम्पन्न 82वीं एवं परिचालन के माध्यम से सम्पन्न हुई 83वीं बोर्ड बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या से उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बिन्दुवार निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया।**

निदेशक मण्डल द्वारा उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 16.05.2023 को सम्पन्न हुई 82वीं एवं परिचालन के माध्यम से सम्पन्न हुई 83वीं बोर्ड बैठक में लिए गये निर्णयों के सम्बन्ध में प्रस्तुत अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया, अनुपालन से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गई।

एजेण्डा बिन्दु–03:– **बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे' पर टोल फीस एकत्र करने हेतु एजेंसी के चयन के संबंध में।**

बैठक में निदेशक मण्डल को निम्न तथ्यों से अवगत कराया गयाः–

1– दिनांक 27.12.2022 को आहूत यूपीडा निदेशक मण्डल की 79वीं बैठक में प्रदान किये गये अनुमोदन के क्रम में 'बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे' पर स्थापित टोल प्लाजाओं के संचालन, टोल कलेक्शन तथा 06 एम्बुलेन्स व 12 पेट्रोलिंग वाहन (आवश्यक कार्मिकों सहित) उपलब्ध कराये जाने हेतु एजेन्सी के चयन के लिए दिनांक 24.01.2023 को ई–टेंडर पोर्टल के माध्यम से निविदाऐं आमंत्रित की गई थीं। प्री–बिड मीटिंग हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 03.02.2023 को मात्र 01 इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा प्रतिभाग किया गया था तथा प्री–बिड क्वेरीज़ का स्पष्टीकरण एवं आवश्यक कोरिजेन्डम दिनांक 13.02.2023 को ई–टेंडर पोर्टल पर अपलोड किया गया था। बिड जमा करने हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 27.02.2023 तक मात्र 01 बिड प्राप्त होने के कारण बिड ड्यू डेट को बढ़ा कर 13.03.2023 निर्धारित किया गया था, परंतु निर्धारित तिथि तक कोई भी निविदा प्राप्त नहीं हुई थी। तदोपरान्त निविदा जमा करने की तिथि को अग्रेत्तर 23.03.2023 तथा 10.04.2023 तक बढ़ाने के उपरान्त भी कोई बिड प्राप्त न होने के कारण बिड ड्यू डेट को पुनः 20.04.2023 तक बढ़ा दिया गया था।

2– बिड ड्यू डेट को उपरोक्तानुसार बार–बार बढ़ाने के उपरान्त भी बिड प्राप्त न होने के कारण अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा की अध्यक्षता में आहूत 'डेजिगनेटेड कमेटी' की बैठक दिनांक 13.04.2023 में रू0 100.00 करोड़ से कम की बिड को निरस्त करने के प्राविधान को हटाने का निर्णय लिया गया था, साथ ही समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया था कि रू0 100.00 करोड़ की धनराशि को 'Annual Potential Collection' इंगित करते हुए निविदाकर्ताओं को सूचित कर दिया जाए कि इस संबंध में उनके

द्वारा स्वयं मूल्यांकन करना होगा। इस संबंध में समिति के निर्देशानुसार ई–टेंडर पोर्टल पर दिनांक 20.04.2023 को कोरिजेंडम अपलोड कर इच्छुक निविदाकर्ताओं को उक्त संशोधन से अवगत कराया गया था। निदेशक मण्डल की 82वीं बैठक दिनांक 16.05.2023 में प्राधिकरण द्वारा उपरोक्तानुसार की गई कार्यवाही से सहमत होते हुये अनुमोदन प्रदान किया गया था।

3– उपरोक्त संशोधनों के परिपेक्ष्य में निविदाकर्ताओं को संशोधित निविदा शर्तों के अनुसार बिड जमा करने हेतु उचित समय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिड ड्यू डेट को दिनांक 20.04.2023 से बढ़ाते हुऐ दिनांक 15.05.2023 निर्धारित किया गया था, परन्तु उक्त तिथि दिनांक 15.05.2023 को ई–टेंडर पोर्टल पर मात्र दो बिड प्राप्त होने के कारण बिड ड्यू डेट को पुनः बढ़ाते हुऐ 23.05.2023 एवं बिड खोलने की तिथि को बढ़ाते हुये 24.05.2023 किया गया था।

4– उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि दिनांक 23.05.2023 को ई–टेंडर पोर्टल पर निम्नलिखित तीन निविदाकर्ताओं की निविदाएं प्राप्त हुई थीं, जिन्हें निर्धारित तिथि दिनांक 24.05.2023 को 'डेजिगनेटेड कमेटी' के समक्ष ऑनलाइन खोला गया था:–

i- M/s Coral Associates

ii- M/s Eagle Infra India Ltd.

iii- M/s Inderdeep Construction Company

5– उपरोक्त तीनों निविदाकर्ताओं के तकनीकी प्रस्तावों का परियोजना परामर्शी द्वारा किये गये मूल्यांकनोंपरान्त तीनों निविदाकर्ताओं को तकनीकी रूप से अर्ह पाया गया था अतः दिनांक 15.06.2023 को आहूत 'डेजिगनेटेड कमेटी' की बैठक में निविदाकर्ताओं के तकनीकी मूल्यांकन का अंतिमीकरण करते हुये कमेटी द्वारा तीनों निविदाकर्ताओं के वित्तीय प्रस्ताव खोलने का निर्णय लिया गया था। तद्नुसार तीनों निविदाकर्ताओं के आनलाइन खोले गये वित्तीय प्रस्तावों के निम्नवत् विवरण से निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया:–

| S. N. | Name of the Bidder | **Total Bid Amount to be paid by the Bidder to the Authority for the First Year of Contract (inclusive of all Taxes including GST** |
|---|---|---|
| 1 | M/s Coral Associates | Rs. 53,86,00,999.00 (Rupees Fifty Three Crores Eighty Six Lakhs Nine Hindered Ninety Nine only) |
| 2 | M/s Eagle Infra India Ltd. | Rs. 66,44,93,000.00 (Rupees Sixty Six Crores Forty Four Lakhs Ninety Three Thousand only) |
| 3 | M/s Inderdeep Construction Company. | Rs. 68,38,78,999.00 (Rupees Sixty Eight Crores Thirty Eight Lakhs Seventy Eight Thousand Nine Hindered Ninety Nine only) |

6– 'डेजिगनेटेड कमेटी' की उक्त बैठक दिनांक 15.06.2023 में उपरोक्तानुसार उच्चतम वित्तीय निविदा प्रस्तुत करने वाले निविदाकर्ता M/s Inderdeep Construction Company को चयनित करने की संस्तुति प्रदान की गई थी।

उपरोक्तानुसार प्राधिकरण द्वारा की गई कार्यवाही से सहमत होते हुये तथा 'डेजिगनेटेड कमेटी' की संस्तुति के क्रम में निदेशक मण्डल द्वारा विचार–विमर्शोंपरान्त निम्न बिन्दुओं पर अनुमोदन प्रदान किया गया:–

(i) Selection of successful bidder M/s Inderdeep Construction Company for "Collection of User Fees and Operation of Toll Plazas along with deployment of 06 number of Ambulances and 12 number Patrol Vehicles along with required personnel manning these vehicles along "Bundelkhand Expressway" on their financial bid of Rs. 68,38,78,999.000 (Rupees Sixty Eight Crores Thirty Eight Lakhs Seventy Eight Thousand Nine Hindered Ninety Nine only) (inclusive of all Taxes including GST) (towards the amount to be paid for the First Year of Contract with increase @ 10% on year on year basis).

(ii) Issuance of 'Letter of Award' to the selected Agency M/s Inderdeep Construction Company as above.

(iii) Nomination of ACEO, UPEIDA for signing of Contract Agreement with the selected Agency M/s Inderdeep Construction Company.

एजेण्डा बिन्दु–04:– **यूपीडा द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पैकेज I, II,VI एवं VIII पर स्थित टॉयलेट ब्लाक्स एवं फूड किऑस्क्स के संचालन तथा रख–रखाव हेतु ई–टेन्डर पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित कर अधिकतम वित्तीय निविदा प्रस्तुत करने वाली एजेंसी के चयन पर अनुमोदन के संबंध में।**

निदेशक मण्डल को निम्नवत अवगत कराया गयाः–

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पैकेज I, II, VI एवं VIII पर स्थित टॉयलेट ब्लाक्स एवं फूड किऑस्क्स के संचालन तथा रख–रखाव हेतु पूर्व में चयनित एजेन्सी की सेवा अवधि समाप्त होने के कारण नवीन एजेंसियों का चयन किये जाने हेतु ई–टेण्डर पोर्टल पर दिनांक 01.04.2023 को निविदायें आमंत्रित की गयीं थीं। तद्क्रम में यूपीडा द्वारा निम्न 04 एजेंसियो से आवेदन प्राप्त हुए थेः–

1. मेसर्स ओम जय श्री गणेश पूडी भण्डार एण्ड भोजनालय
2. मेसर्स द कुक
3. मेसर्स श्री श्याम इन्टर प्राइजेज
4. मेसर्स शोभा ट्रेडिंग कम्पनी

2– उपरोक्त चारों एजेंसियों के तकनीकी प्रस्ताव के परीक्षणोंपरान्त उन्हें तकनीकी रूप से अर्ह पाते हुए 'नामित समिति' द्वारा उनकी वित्तीय निविदायें, निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में, दिनांक 29.05.2023 को ऑनलाईन खोली गयीं थीं जो कि निम्नवत थीं:–

| S. No. | Particulars of 'Toilet Block with Food Kiosk' | Amount to be paid by the Bidder to the Authority per month (inclusive of GST) (in Rupees) | | | | Name of Highest Bidder |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | M/s Om Jai Shree Ganesh Puri Bhandar and Bhojnalaya | M/s The Cook | M/s Shree Shyam Enterprises | M/s Shobha Trading Company | |
| 1. | Package-I of 'Purvanchal Expressway' at Chainage 25+400 (RHS) | **3,92,151.00** | 97,500.00 | 2,80,000.00 | 3,35,186.01 | M/s Om Jai Shree Ganesh Puri Bhandar and Bhojnalaya |
| 2. | Package-II of 'Purvanchal Expressway' at Chainage 60+600 (LHS) | **4,11,111,.00** | 99,990.00 | 3,80,000.00 | 3,21,786.01 | M/s Om Jai Shree Ganesh Puri Bhandar and Bhojnalaya |
| 3. | Package VI of 'Purvanchal Expressway' at | 2,12,151.00 | 92,989.00 | 2,00,000.00 | **4,93,786.01** | M/s Shobha Trading Company |

| S. No. | Particulars of 'Toilet Block with Food Kiosk' | Amount to be paid by the Bidder to the Authority per month (inclusive of GST) (in Rupees) | | | | Name of Highest Bidder |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | M/s Om Jai Shree Ganesh Puri Bhandar and Bhojnalaya | M/s The Cook | M/s Shree Shyam Enterprises | M/s Shobha Trading Company | |
| | Chainage 228+650 (LHS) | | | | | |
| 4. | Package VIII of 'Purvanchal Expressway' at Chainage 315+900 (LHS) | 32,000.00 | 96,680.00 | 5,000.00 | **1,50,786.01** | M/s Shobha Trading Company |

3— उपरोक्तानुसार 'नामित समिति' द्वारा निम्न निविदाकर्ताओं की वित्तीय निविदायें उच्चतम होने के कारण उन्हें पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पैकेज I, II, VI एवं VIII पर स्थित टॉयलेट ब्लाक्स एवं फूड किऑस्क्स के संचालन तथा रख–रखाव हेतु निम्न वित्तीय प्रस्ताव पर चयनित किये जाने की संस्तुती प्रदान की गयी थी:—

| S. No. | Particulars of 'Toilet Block with Food Kiosk' | Name of the Highest Bidder | Lump sum amount (inclusive of GST) per month to be paid to the Authority, as quoted by the Bidder, for the Contract as per terms and conditions of the E-Tender Document. (in Rupees) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | In figure | In words |
| 1. | Package-I of 'Purvanchal Expressway' at Chainage 25+400 (RHS) | M/s Om Jai Shree Ganesh Puri Bhandar and Bhojnalaya | **3,92,151.00** | Rupees Three Lakh Ninety Two Thousand One Hundred Fifty One only. |
| 2. | Package-II of 'Purvanchal Expressway' at Chainage 60+600 (LHS) | M/s Om Jai Shree Ganesh Puri Bhandar and Bhojnalaya | **4,11,111,.00** | Rupees Four Lakh Eleven Thousand One Hundred Eleven only |
| 3. | Package VI of 'Purvanchal Expressway' at Chainage 228+650 (LHS) | M/s Shobha Trading Company | **4,93,786.01** | Rupees Four Lakh Ninety Three Thousand Seven Hundred Eighty Six and Paise One only |
| 4. | Package VIII of 'Purvanchal Expressway' at Chainage 315+900 (LHS) | M/s Shobha Trading Company | **1,50,786.01** | Rupees One Lakh Fifty Thousand Seven Hundred Eighty Six and Paise One only |

4— उपरोक्तानुसार चयनित एजेन्सियों यथा मेसर्स ओम जय श्री गणेश पूडी भण्डार एण्ड भोजनालय तथा मेसर्स शोभा ट्रेडिंग कम्पनी को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पैकेज I एवं II तथा पैकेज VI एवं VIII क्रमशः पर स्थित टॉयलेट ब्लाक्स एवं फूड किऑस्क्स के संचालन तथा रख–रखाव हेतु दिनांक 07.06.2023 को 'लेटर ऑफ एवॉर्ड' जारी कर उनके साथ दिनांक 15.06.2023 को अनुबन्ध निष्पादित कर लिया गया है तथा उक्त चारों टॉयलेट ब्लाक्स एवं फूड किऑस्क्स नवीन एजेन्सियों को हस्तांतरित कर दिये गये हैं।

उपरोक्तानुसार यूपीडा द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पैकेज I, II, VI एवं VIII पर स्थित टॉयलेट ब्लाक्स एवं फूड किऑस्क्स के संचालन तथा रख–रखाव हेतु ई–टेन्डर पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित कर अधिकतम वित्तीय निविदा प्रस्तुत करने वाली एजेंसी यथा मेसर्स ओम जय श्री गणेश पूडी भण्डार एण्ड भोजनालय (पैकेज I एवं II) तथा मेसर्स शोभा ट्रेडिंग कम्पनी (पैकेज VI एवं VIII) के चयन पर निदेशक मण्डल द्वारा कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–05:– **भारत सरकार के द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना की स्वीकृति में दी गयी शर्त का अनुपालन करने के लिए एवेन्यू प्लान्टेशन एवं उसकी देख–रेख का कार्य उ0प्र0 वन विभाग से 12 वर्षों तक कराने हेतु यूपीडा के द्वारा वन विभाग के साथ अनुबन्ध करने एवं उसके पूर्व सभी कन्सेशनायर्स के साथ अनुपूरक अनुबन्ध करने के प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

गंगा एक्सप्रेसवे की दोनों पटरियों पर भारत सरकार के द्वारा दी गयी स्वीकृति के अनुपालन में उ0प्र0 वन विभाग से वृक्षारोपण एवं देख–रेख कार्य कराने एवं तत्क्रम में उ0प्र0 वन विभाग के साथ अनुबन्ध करने तथा उसके पूर्व कन्सेशनायर्स के साथ अनुपूरक अनुबन्ध करने के प्रस्ताव का अनुमोदन निदेशक मण्डल के द्वारा दिया गया।

एजेण्डा बिन्दु–06:– **EX-POST-FACTO PERMISSION FOR SUB-LEASE OF 4.15 ACRES (1.68 HA) LAND PARCELIN PLOT S-3(MEASURING 102.6 Ha) OF THE KANPUR NODE OF UTTAR PRADESH DEFENCE INDUSTRIAL CORRIDOR FROMADANI DEFENE SYSTEMS AND TECHNOLOGIES LIMITED (ADSTL) TO ITS 100% SUBSIDIARY PLR SYSTEMS (INDIA)LIMITED (PSIL)**

उपरोक्त प्रस्ताव से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल द्वारा प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–07:– **पूर्वांचल एक्सप्रेसवे' पर जानवरों के प्रवेश को रोकने एवं आवारा पशुओं को पकड़ कर गौशाला में रखने तथा क्रैश बैरियर/फेसिंग की देख–रेख की रिपोर्टिंग हेतु एजेंसी के चयन पर अनुमोदन के संबंध में।**

निदेशक मण्डल को निम्नवत अवगत कराया गया:–

'पूर्वांचल एक्सप्रेसवे' पर जानवरों के प्रवेश को रोकने एवं आवारा पशुओं को पकड कर गौशाला में रखने तथा क्रैश बैरियर/फेसिंग की देख–रेख की रिपोर्टिंग हेतु एजेंसी के चयन हेतु जेम पोर्टल पर दिनांक 28.03.2023 को निविदायें आमंत्रित की गयीं थीं। तद्क्रम में जेम पोर्टल पर यूपीडा द्वारा निम्न 04 एजेंसियो से आवेदन प्राप्त हुए थे:–

1. मेसर्स आस्था टूर एवं ट्रैवेल्स
2. मेसर्स चौहान कन्स्ट्रक्शन्स एण्ड स्पलायर्स
3. मेसर्स एन0 हसन कान्ट्रैक्टर
4. मेसर्स त्रिदेव इन्टरप्राइजेस

2– उपरोक्त चारों एजेंसियों के तकनीकी प्रस्ताव के परीक्षणोंपरान्त सभी निविदादाताओं को तकनीकी रूप से अर्ह पाया गया था। तत्पश्चात् प्राधिकृत समिति की बैठक दिनांक 29.05.2023 में तकनीकी रूप से अर्ह सभी 04 निविदाकर्ताओं की वित्तीय निविदायें खोली गयीं जो कि निम्नवत थीं:–

| S. No. | Name of the Firm | Monthly lump sum amount (inclusive of GST) to be paid by UPEIDA for the assignment | Rank |
|---|---|---|---|
| 1. | M/s N. Hasan Contractor | Rs. 7,85,000.00 | L1 |
| 2. | M/s Astha Tour & Travels | Rs. 7,99,992.00 | L2 |
| 3. | M/s Chauhan Constructions & Suppliers | Rs. 8,00,000.00 | L3 |
| 4. | M/s Tridev Interprises | Rs. 1,29,293.33 X 08= Rs. 10,34,346.64 | L4 |

3— उपरोक्तानुसार 'प्राधिकृत समिति' द्वारा मेसर्स एन0 हसन कान्ट्रैक्टर की वित्तीय निविदा न्यूनतम होने के कारण उन्हें पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जानवरों के प्रवेश को रोकने एवं आवारा पशुओं को पकड कर गौशाला में रखने तथा क्रैश बैरियर/फेसिंग की देख–रेख की रिपोर्टिंग हेतु चयनित किये जाने की संस्तुति प्रदान की गयी थी। तत्क्रम में दिनांक 07.06.2023 को मेसर्स एन0 हसन कान्ट्रैक्टर को 'लेटर ऑफ एवॉर्ड' जारी कर दिया गया है, तथा उनके द्वारा आवश्यक परफॉरमेन्स सिक्योरिटी जमा करने तथा अनुबन्ध निष्पादित करने सम्बन्धित कार्यवाही की जा रही है। निदेशक मण्डल को यह भी अवगत कराया गया कि मेसर्स एन0 हसन कॉन्ट्रैक्टर का पूर्व में अनुबंधित कार्यकाल दिनांक 31.01.2023 तक मान्य था परन्तु नई एजेंसी के चयन की प्रक्रिया में लग रहे समय के आलोक में उनके द्वारा वर्तमान में सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

उपरोक्त विषय पर गहन विचार–विमर्श के उपरान्त निदेशक मण्डल द्वारा यह मत व्यक्त किया गया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे एक्सेस कन्ट्रोल्ड होने के कारण एक्सप्रेसवे पर जानवरों का प्रवेश रोकने के लिए समुचित फैन्सिंग की व्यवस्था की गयी है। साथ ही एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा हेतु समुचित व्यवस्था तथा सुरक्षाकर्मियों की तैनाती एवं पैट्रोलिंग वाहनों का प्रबन्ध किया गया है। अतः जानवर पकड़ने की एजेंसी नियुक्त किये जाने का औचित्य प्रतीत नहीं होता है। निदेशक मण्डल द्वारा 'पूर्वांचल एक्सप्रेसवे' पर जानवरों के प्रवेश को रोकने एवं आवारा पशुओं को पकड़ कर गौशाला में रखने तथा क्रैश बैरियर/फेसिंग की देख–रेख की रिपोर्टिंग हेतु एजेंसी के चयन के प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए निदेशित किया गया कि इस सम्बंध में अग्रेतर कार्यवाही न की जाये। निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्तानुसार चयनित एजेंसी को जारी किये गये 'लेटर ऑफ एवॉर्ड' को निरस्त किये जाने तथा वर्तमान में कार्यरत सेवा प्रदाता मेसर्स एन0 हसन कॉन्ट्रैक्टर की सेवाएं समाप्त किये जाने का भी निर्णय लिया गया।

<u>एजेण्डा बिन्दु–08:–</u> **<u>पूर्वाचल एक्सप्रेसवे परियोजना के निर्माण में प्रयुक्त भारी वाहनों के आवागमन से लोक निर्माण विभाग के क्षतिग्रस्त मार्गो के मरम्मत कराये जाने हेतु यूपीडा द्वारा ई.पी.सी. कान्ट्रैक्टरों के देयकों से आंकलित धनराशि की कटौती कर लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में मा0 निदेशक मण्डल द्वारा सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।</u>**

मा0 निदेशक मण्डल द्वारा प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया और निर्देश दिये गये कि ई0पी0सी0 कान्ट्रैक्टर से भुगतान का कार्य कराया जाए।

एजेण्डा बिन्दु–09:– **पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना के पैकेज–4 के ठेकेदार, मेसर्स जी0आर0 इन्फ्राप्रोजेक्ट्स लि0 को वायाडक्ट निर्माण हेतु निर्गत चेन्ज ऑफ स्कोप नोटिस के वापस लिये जाने हेतु मा0 निदेशक मण्डल का अनुमोदन।**

मा0 निदेशक मण्डल द्वारा विषयगत कार्य हेतु पूर्व में निर्गत किये गये चेंज ऑफ स्कोप नोटिस को वापस लिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–10:– **पूर्वांचल एक्सप्रेसवे प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे पर चेन्ज ऑफ स्कोप के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का अनुमोदन।**

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पैकेज–01 से 08 के लिये कुल 12 चेंज ऑफ स्कोप प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये, जिनमें से 01 का धनात्मक प्रभाव तथा 11 का ऋणात्मक प्रभाव था। मा0 निदेशक मण्डल द्वारा धनात्मक प्रभाव वाले 01 चेंज ऑफ स्कोप कमांक IV का प्रथम

| | | |
|---|---|---|
| EGIS/TL/PE/GIRL/PK G-1/674 dated 19-11-2022 | Increase in width of Minor Bridge at Km. 128+850 in Airstrip section | cost as already been put on file Rs. 1,27,41,011 |

(पूर्वांचल एक्सप्रेसवे किमी0 128+850 एयर स्ट्रिप सेक्शन के कारण लघु सेतु की चौड़ाई बढ़ जाने के कारण) का अनुमोदन किया गया, शेष चेन्ज ऑफ स्कोप के बारे में निदेशक मण्डल द्वारा यह नोट किया गया कि यह वास्तव में Deficient वाटर पिचिंग एक घटिया क्वालिटी का कार्य किया गया है उसको चेन्ज ऑफ स्कोप के तहत स्वीकृत नहीं किया जा सकता। इस बात पर क्षोभ व्यक्त करते हुए निदेशक मण्डल द्वारा कान्ट्रैक्ट की शर्तों के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को सचेत भी किया गया कि कान्ट्रैक्ट की शर्तों के अनुसार ही हर मामले में कार्रवाई की जाए।

एजेण्डा बिन्दु–11:– **उ0प्र0 में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना के कियान्वयन हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा कन्सोर्शियम से प्राप्त ऋण की शर्तो के अधीन डी0एस0आर0ए0 खाते के समबन्ध में अद्यतन सूचना।**

निदेशक मण्डल द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना के सिविल निर्माण कार्य हेतु बैंको के कन्सोर्शियम से लिए गये ऋण की शर्तों के अनुरूप यूपीडा द्वारा कन्सोर्शियम अग्रणी बैंक–बैंक ऑफ बड़ौदा में डी0एस0आर0ए0 के निमित्त रू0 260.57 करोड़ की सावधि निक्षेप रखकर ऋण की शर्तों को पूरा कर लेनें की जानकारी को संज्ञान में लिया गया।

एजेण्डा बिन्दु–12:– **उ0प्र0 में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना के कियान्वयन हेतु पंजाब नेशनल बैंक कन्सोर्शियम से प्राप्त ऋण की शर्तो की अधीन डी0एस0आर0ए0 खाते के सम्बन्ध में अद्यतन सूचना।**

निदेशक मण्डल द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना के सिविल निर्माण कार्य हेतु बैंको के कन्सोर्शियम से लिए गये ऋण की शर्तों के अनुरूप यूपीडा द्वारा कन्सोर्शियम अग्रणी बैंक–पंजाब नेशनल बैंक में डी0एस0आर0ए0 के निमित्त रू0 215.50 करोड़ की सावधि निक्षेप रखकर ऋण की शर्तों को पूरा कर लेनें की जानकारी को संज्ञान में लिया गया।

एजेण्डा बिन्दु–13:– **अधिष्ठान एवं प्रशासन से सम्बन्धित कार्यो का अनुमोदन।**

(क) यूपीडा में संविदा पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवाओं की विभागीय आवश्यकता के दृष्टिगत मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 09.06.2023 को आंतरिम आदेशों के अन्तर्गत विस्तारित किया गया था, एवं उपरोक्त सभी 56 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सेवा विस्तार निदेशक मण्डल से प्राप्त किया जाना है। जिसके विवरण निम्नवत हैः–

| क्र0 सं0 | अधिकारी / कर्मचारी का नाम | पदनाम | पूर्व नियुक्ति समाप्त की तिथि | सेवा विस्तार अवधि | सेवाविस्तार की अन्तिम तिथि | यूपीडा के कार्यालय आदेश संख्या / तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1. | श्री कर्नल संजय सिंह | मुख्य महाप्रबन्धक (डिफेन्स कॉरिडोर) यूपीडा पिकप भवन लखनऊ। | 30.05.2023 | 01 वर्ष | 30.05.2024 | सं0–1791 / यूपीडा / 2045 / 21 / अधि0 दिनांक 20.06.2023 |
| 2. | श्री चुनकू राम पटेल | विशेष कार्याधिकारी भू–अर्जन यूपीडा लखनऊ। | 03.06.2023 | 01 वर्ष | 03.06.2024 | सं0–1793 / यूपीडा / 1129 / 18 / अधि0 दिनांक 20.06.2023 |
| 3. | श्री विनय प्रकाश | मुख्य महाप्रबन्धक (सिविल) यूपीडा लखनऊ। | 02.05.2023 | 01 वर्ष | 02.05.2024 | सं0–1800 / यूपीडा / 2381 / 22 / अधि0 दिनांक 20.06.2023 |
| 4. | श्री अरूण कुमार कपूर | सलाहकार (वित्तीय संस्थाएँ) यूपीडा लखनऊ। | 31.05.2023 | 01 वर्ष | 31.05.2024 | सं0–1803 / यूपीडा / 1892 / 20 / अधि0 दिनांक 20.06.2023 |
| 5. | श्री कमल कुमार | सलाहकार (वित्तीय संस्थाएँ) यूपीडा लखनऊ। | 31.05.2023 | 01 वर्ष | 31.05.2024 | सं0–1801 / यूपीडा / 1893 / 20 / अधि0 दिनांक 20.06.2023 |
| 6. | श्रीमती ऋचा मिश्रा | विधि सलाहकार यूपीडा लखनऊ। | 09.06.2023 | 01 वर्ष | 09.06.2024 | सं0–1804 / यूपीडा / 1949 / 20 / अधि0 दिनांक 20.06.2023 |
| 7. | श्री अनुराग अस्थाना | महाप्रबन्धक (सिविल) यूपीडा लखनऊ। | 14.04.2023 | 06 माह | 14.10.2023 | सं0–1802 / यूपीडा / 2370 / 22 / अधि0 दिनांक 20.06.2023 |
| 8. | श्री अरूण कुमार पाठक | मुख्य महाप्रबन्धक (विद्युत) यूपीडा लखनऊ। | 30.05.2023 | 01 वर्ष | 30.05.2024 | सं0–1840 / यूपीडा / 2046 / 21 / अधि0 दिनांक 22.06.2023 |
| 9. | श्री शिवा नन्द सिंह | प्रबन्धक (सिविल) (डिफेन्स कॉरिडोर) | 19.05.2023 | 06 माह | 19.11.2023 | सं0–1888 / यूपीडा / 1543 / 19 / अधि0 दिनांक 22.06.2023 |
| 10. | श्री राम चन्द्र मौर्य | लिपिक यूपीडा लखनऊ। | 14.05.2023 | 06 माह | 14.11.2023 | सं0–1894 / यूपीडा / 351 / 14 / अधि0 दिनांक 22.06.2023 |
| 11. | श्री चन्द्र कुमार सांगवानी | सहायक प्रबन्धक (आडिट) यूपीडा लखनऊ। | 23.06.2023 | 01 एर्ष | 23.06.2024 | सं0–1889 / यूपीडा / 1582 / 19 / अधि0 दिनांक 22.06.2023 |
| 12. | श्री ओम प्रकाश | मुख्य सुरक्षा अधिकारी एवं प्रभारी कन्ट्रोलरूम पू0ए0 | 27.04.2023 | 06 माह | 27.10.2023 | सं0–1890 / यूपीडा / 2228 / 21 / अधि0 दिनांक 22.06.2023 |
| 13. | श्री विनीत प्रकाश ओझा | सहायक विधि यूपीडा लखनऊ। | 13.05.2023 | 01 वर्ष | 13.05.2024 | सं0–1884 / यूपीडा / 347 / 14 / अधि0 दिनांक 22.06.2023 |
| 14. | श्री राम पाल सिंह यादव | सुरक्षा अधिकारी पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे | 22.04.2023 | 06 माह | 22.10.2023 | सं0–1892 / यूपीडा / 2251 / 21 / अधि0 दिनांक 22.06.2023 |
| 15. | श्री गजानन्द सिंह | सुरक्षा अधिकारी पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे। | 19.03.2023 | 06 माह | 19.09.2023 | सं0–1891 / यूपीडा / 2581 / 22 / अधि0 दिनांक 22.06.2023 |
| 16. | श्री भोला नाथ यादव | डाक रनर यूपीडा लखनऊ। | 28.05.2023 | 01 वर्ष | 28.05.2024 | सं0–1887 / यूपीडा / 467 / 15 / अधि0 दिनांक 22.06.2023 |
| 17. | श्री दिनेश चन्द्र सक्सेना | प्रबन्धक (वित्त एवं लेखा) यूपीडा लखनऊ। | 30.06.2023 | 01 वर्ष | 30.06.2024 | सं0–1927 / यूपीडा / 247 / 14 / अधि0 दिनांक 23.06.2023 |
| 18. | श्री प्रभात कुमार अवस्थी | मुख्य सुरक्षा अधिकारी आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे | 30.06.2023 | 01 वर्ष | 30.06.2024 | सं0–1949 / यूपीडा / 1333 / 19 / अधि0 दिनांक 26.06.2023 |
| 19. | श्री राजेन्द्र सिंह द्वितीय | सहायक सुरक्षा अधिकारी पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे। | 01.04.2023 | 06 माह | 01.10.2023 | सं0–1959 / यूपीडा / 2187 / 21 / अधि0 दिनांक 26.06.2023 |
| 20. | श्री मदन प्रसाद | सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे। | 20.05.2023 | 06 माह | 20.11.2023 | सं0–1964 / यूपीडा / 2414 / 22 / अधि0 दिनांक 26.06.2023 |
| 21. | श्री राजेन्द्र प्रसा कनौजिया | सहायक सुरक्षा अधिकारी आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे | 06.05.2023 | 06 माह | 06.11.2023 | सं0–1970 / यूपीडा / 1945 / 20 / अधि0 दिनांक 26.06.2023 |
| 22. | श्री कृष्ण स्वरूप सिन्हा | सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे। | 10.04.2023 | 01 वर्ष | 10.04.2024 | सं0–1973 / यूपीडा / 2210 / 21 / अधि0 दिनांक 26.06.2023 |
| 23. | श्री निर्मल सिंह यादव | सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे। | 11.05.2023 | 06 माह | 11.11.2023 | सं0–1974 / यूपीडा / 2423 / 22 / अधि0 दिनांक 26.06.2023 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24. | श्री राधा मोहन द्विवेदी | सुरक्षा अधिकारी आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे | 04.06.2023 | 01 वर्ष | 04.06.2024 | सं0–1971 / यूपीडा / 2273 / 21 / अधि0 दिनांक 26.06.2023 |
| 25. | श्री अनिल कुमार | मुख्य सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे | 18.05.2023 | 06 माह | 18.11.2023 | सं0–1987 / यूपीडा / 2411 / 22 / अधि0 दिनांक 26.06.2023 |
| 26. | श्री राम औतार | सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे | 17.05.2023 | 06 माह | 17.11.2023 | सं0–1979 / यूपीडा / 2405 / 22 / अधि0 दिनांक 26.06.2023 |
| 27. | श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिंह | सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे | 20.07.2023 | 06 माह | 20.01.2024 | सं0–1978 / यूपीडा / 2704 / 23 / अधि0 दिनांक 26.06.2023 |
| 28. | श्री राम जगत तिवारी | सहायक सुरक्षा अधिकारी पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे | 01.04.2023 | 06 माह | 01.10.2023 | सं0–1999 / यूपीडा / 2195 / 21 / अधि0 दिनांक 26.06.2023 |
| 29. | श्री अली शेर खाँ | सहायक सुरक्षा अधिकारी आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे | 25.05.2023 | 06 माह | 25.11.2023 | सं0–1980 / यूपीडा / 1889 / 20 / अधि0 दिनांक 26.06.2023 |
| 30. | श्री मनोहर सिंह | सुरक्षा अधिकारी आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे | 30.04.2023 | 06 माह | 30.10.2023 | सं0–2007 / यूपीडा / 1086 / 18 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 31. | श्री सुदर्शन प्रसाद | सहायक सुरक्षा अधिकारी पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे | 10.04.2023 | 06 माह | 10.10.2023 | सं0–2008 / यूपीडा / 2360 / 22 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 32. | श्री त्रिलोकी नाथ पाण्डेय | सहायक सुरक्षा अधिकारी पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे | 01.04.2023 | 06 माह | 01.10.2023 | सं0–2011 / यूपीडा / 8123 / 21 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 33. | श्री राजेन्द्र सिंह प्रथम | सहायक सुरक्षा अधिकारी पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे | 10.04.2023 | 06 माह | 10.10.2023 | सं0–2005 / यूपीडा / 8184 / 21 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 34. | श्री प्रकाश चन्द्र तिवारी | सहायक सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे | 25.05.2023 | 06 माह | 25.11.2023 | सं0–2010 / यूपीडा / 2421 / 22 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 35. | श्री सोवरन सिंह | सहायक सुरक्षा अधिकारी आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे | 28.04.2023 | 06 माह | 28.10.2023 | सं0–2012 / यूपीडा / 1874 / 20 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 36. | श्री चन्द्र प्रकाश वर्मा | सहायक सुरक्षा अधिकारी आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे | 06.06.2023 | 06 माह | 06.12.2023 | सं0–2013 / यूपीडा / 1315 / 19 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 37. | श्री राम कृष्ण गौड | सहायक प्रबन्धक (सिविल) पी0आई0यू0–प्रयागराज | 02.06.2023 | 06 माह | 02.12.2023 | सं0–2035 / यूपीडा / 1655 / 20 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 38. | श्री राम चन्द्र वर्मा | सहायक प्रबन्धक (सिविल) बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे | 19.05.2023 | 03 माह | 19.08.2023 | सं0–2039 / यूपीडा / 1554 / 19 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 39. | श्री राम किंकर त्रिपाठी | प्रबन्धक (सिविल) बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे | 19.05.2023 | 03 माह | 19.08.2023 | सं0–2042 / यूपीडा / 1544 / 19 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 40. | श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा | प्रबन्धक (सिविल) बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे | 19.05.2023 | 03 माह | 19.08.2023 | सं0–2038 / यूपीडा / 1537 / 19 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 41. | श्री अरविन्द कुमार राजपूत | सहायक प्रबन्धक (सिविल) बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे | 19.05.2023 | 03 माह | 19.08.2023 | सं0–2040 / यूपीडा / 1550 / 19 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 42. | श्री राजीव सिन्हा | प्रबन्धक (सिविल) पी0आई0यू0–प्रयागराज | 20.06.2023 | 06 माह | 20.12.2023 | सं0–2041 / यूपीडा / 2468 / 22 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 43. | श्री शमीम अख्तर सिद्दीकी | प्रबन्धक (सिविल) गो0लिक0एक्सप्रेसवे। | 19.05.2023 | 06 माह | 19.11.2023 | सं0–2036 / यूपीडा / 1552 / 19 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 44. | श्री राजेश मोहन गुप्ता | महाप्रबन्धक (सिविल) बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे। | 19.05.2023 | 03 माह | 19.08.2023 | सं0–2046 / यूपीडा / 1539 / 19 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 45. | श्री राधेश्याम विश्वकर्मा | प्रबन्धक (सिविल) पी0आई0यू0–प्रयागराज। | 02.06.2023 | 06 माह | 02.12.2023 | सं0–2045 / यूपीडा / 1666 / 20 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 46. | श्री दुर्गा प्रसाद अवस्थी | प्रबन्धक (सिविल) बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे। | 06.06.2023 | 03 माह | 06.09.2023 | सं0–2044 / यूपीडा / 1665 / 20 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 47. | श्री निर्मल दास यादव | सहायक प्रबन्धक (सिविल) बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे। | 19.05.2023 | 03 माह | 19.08.2023 | सं0–2043 / यूपीडा / 1553 / 19 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 48. | श्री हशमतुल्लाह सिद्दीकी | सहायक प्रबन्धक (सिविल) गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे। | 19.05.2023 | 06 माह | 19.11.2023 | सं0–2047 / यूपीडा / 1555 / 19 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 49. | श्री कल्लू प्रसाद यादव | सहायक सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे। | 25.05.2023 | 06 माह | 25.11.2023 | सं0–2054 / यूपीडा / 2419 / 22 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 50. | श्री वकील सिंह राठी | सहायक सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे। | 19.05.2023 | 06 माह | 19.11.2023 | सं0–2048 / यूपीडा / 2424 / 22 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 51. | श्री दीवान सिंह | सहायक सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे। | 19.05.2023 | 06 माह | 19.11.2023 | सं0–2055 / यूपीडा / 2420 / 22 / अधि0 दिनांक 27.06.2023 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 52. | श्री शिव प्रकाश तिवारी | सहायक सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे। | 26.05.2023 | 06 माह | 26.11.2023 | सं0–2057/यूपीडा/2422/22/अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 53. | श्री अम्बर लाल वर्मा | सहायक सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे। | 19.05.2023 | 06 माह | 19.11.2023 | सं0–2053/यूपीडा/2418/22/अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 54. | श्री संतोष कुमार सिंह | सहायक सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे। | 25.05.2023 | 06 माह | 25.11.2023 | सं0–2059/यूपीडा/2413/22/अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 55. | श्री मान सिंह यादव | सहायक सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे। | 01.06.2023 | 06 माह | 01.12.2023 | सं0–2061/यूपीडा/2640/22/अधि0 दिनांक 27.06.2023 |
| 56. | श्री रियाज अहमद | सहायक सुरक्षा अधिकारी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे। | 05.06.2023 | 06 माह | 05.12.2023 | सं0–2060/यूपीडा/2645/22/अधि0 दिनांक 27.06.2023 |

(ख) यूपीडा में संविदा पर तैनात किये गये अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विवरण निम्नवत् है, जो निदेशक मण्डल के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है

यूपीडा में आवश्यकता के दृष्टिगत यूपीडा निदेशक मण्डल द्वारा प्रदत्त अधिकारों के क्रम में मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के अनुमोदन पर संविदा के आधार पर वरिष्ठ भू–अर्जन अधिकारी एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति की गयी है, जिसका अनुमोदन निदेशक मण्डल की दिनांक 04.07.2023 को बोर्ड की बैठक में प्राप्त किया जाना है। विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | अधिकारी/कर्मचारी का नाम | पदनाम | नियुक्ति अवधि | यूपीडा के कार्यालय आदेश दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री विनय प्रकाश श्रीवास्तव | वरिष्ठ भू–अर्जन अधिकारी | 06 माह | सं0–987/2387/यूपीडा/2402/22/अधि0 दिनांक 18.05.2023 |
| 2. | श्री कमलेश बहादुर | सहायक सुरक्षा अधिकारी | 06 माह | सं0–1283/2387/यूपीडा/2022/अधि0/ दिनांक 29.05.2023 |
| 3. | श्री विजय सिंह | मुख्य सुरक्षा अधिकारी | 06 माह | सं0–2113/यूपीडा/2400/22/अधि0 दिनांक 29.05.2023 |
| 4. | श्री विक्रमजीत सिंह | मुख्य सुरक्षा अधिकारी | 06 माह | सं0–2114/यूपीडा/2400/22/अधि0 दिनांक 29.05.2023 |

(ग) यूपीडा में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी का नाम जिनकी संविदा सेवा अनुबन्ध समाप्त कर यूपीडा से कार्यमुक्त किया गया है, जिसका अनुमोदन निदेशक मण्डल की 84 वीं बोर्ड बैठक मे दिनांक 04.07.2023 में प्राप्त किया जाना है, विवरण निम्नवत् है:–

यूपीडा में तैनात अधिकारियों की संविदा सेवा समाप्त किये जाने का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम | संविदा सेवा समाप्त किये जाने की तिथि | कार्यालय आदेश संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री ओम प्रकाश पाठक | विशेष कार्याधिकारी (भू–अर्जन) | 18.05.2023 | सं0–986/यूपीडा/528/15/अधि/ दिनांक 18.05.2023 |

उपरोक्त प्रस्ताव पर चर्चा करते हुये एजेण्डा बिन्दु–13 के उप बिन्दु–क, ख व ग का निदेशक मण्डल द्वारा संज्ञान लिया गया तथा प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त के अतिरिक्त निदेशक मण्डल को यह भी अवगत कराया गया कि पिछले बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार यूपीडा में सेवा अनुबंध पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सेवा अनुबंध समाप्त करने के लिये 03 माह का नोटिस पीरियड अनिवार्य किया गया है। अध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि सेवा अनुबंध पर तैनात किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी का यदि सेवा अनुबंध निरस्त किया जाता है (Terminate) तो उसके लिये यूपीडा को 03 माह की नोटिस दिये जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इस प्रकार यूपीडा अनुबंध पर तैनात किसी अधिकारी एवं कर्मचारी का सेवा अनुबंध उसकी विभागीय आवश्यकता ना होने पर अनुशासनात्मक एवं दण्डनात्मक के अन्तर्गत कभी भी समाप्त कर सकती है।

एजेण्डा बिन्दु–14:–

**श्री अभिषेक द्विवेदी, लीगल असिस्टेन्ट की आवश्यकता तथा इनसे सम्बन्धित व्यय के अध्ययन/परीक्षण हेतु अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति पर निदेशक मण्डल की स्वीकृति प्राप्त करने के सम्बन्ध में।**

मा0 निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–15:–

**आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे परियोजना के पैकेज–2 के ठेकेदार, मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 द्वारा यूपीडा के विरूद्व प्रचलित आरबिट्रेशन वाद में नये आर्बीट्रेटर श्री अशोक खुराना को फीस के रूप में रू0 30 लाख दिये जाने के सम्बन्ध में।**

मा0 निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–16:–

**मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं खण्डपीठ लखनऊ व मा0 उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में योजित वादों का संक्षिप्त विवरण।**

उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं वित्त नियत्रंक द्वारा निदेशक मण्डल को मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं खण्डपीठ लखनऊ व मा0 उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में योजित वादों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया, कि वर्तमान में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित कुल वादों की संख्या–455 में से निस्तारित वादों की संख्या–300 तथा अवशेष लम्बित वादों की संख्या–155 है एवं प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने हेतु 05 वादों में यूपीडा के नामित अधिवक्ता के द्वारा प्रतिशपथ पत्र तैयार कराया जा रहा है। मा0 उच्चन्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में योजित कुल वादों की संख्या–322 में से निस्तारित वादों की संख्या 194 तथा अवशेष लम्बित वादों की संख्या 128 है एवं प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने हेतु 02 वादों में यूपीडा के नामित अधिवक्ता के द्वारा प्रतिशपथ पत्र तैयार कराया जा रहा है। मा0 उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में दाखिल वादों की सं0–02 है। जिसमें यूपीडा के पक्ष से प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया जा चुका है। जिसमें प्रभावी पैरवी की जा रही है।

निदेशक मण्डल द्वारा वादों की अद्यतन स्थिति से सम्बन्धित प्रस्ताव का संज्ञान लिया गया। शेष प्रकरणों में CA दाखिल करने व प्रभावी पैरवी के निर्देश दिए गए।

एजेण्डा बिन्दु–17:–

**गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना में चेन्ज ऑफ स्कोप (COS) के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में।**

मा0 निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–18:–

**यूपीडा द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कुल 08 एडवान्सड कैटेगरी लाईफ सपोर्ट मशीनों सहित हाई रूफ एम्बुलेन्सेस उपलब्ध कराये जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित कर उच्चतम वित्तीय निविदा प्रस्तुत करने वाली एजेंसी के चयन पर अनुमोदन के संबंध में।**

निदेशक मण्डल को निम्नवत अवगत कराया गया:–

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कुल 08 एडवान्सड कैटेगरी लाईफ सपोर्ट मशीनों सहित हाई रूफ एम्बुलेन्सेस उपलब्ध कराये जाने हेतु पूर्व में चयनित एजेन्सी की सेवा अवधि समाप्त होने के कारण नवीन एजेंसियों का चयन किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर दिनांक 24.02.2023 को निविदायें आमंत्रित की गयीं थीं। तदक्रम में यूपीडा द्वारा निम्न 07 एजेंसियो से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे:–

1. मेसर्स फेडरल सिक्योरिटी प्रा0 लि0
2. मेसर्स लाईफजेट कार्डियाक एम्बुलेन्स सर्विस
3. मेसर्स अंश इन्टरप्राईजेस
4. मेसर्स जीवक एम्बुलेन्स सर्विस
5. मेसर्स पंडित ट्रैवेल्स
6. मेसर्स एस0 के0 इन्टरप्राईजेस
7. मेसर्स सबसमान प्रा0 लि0

2— उपरोक्त सातों एजेंसियों के तकनीकी प्रस्ताव के परीक्षणोंपरान्त (1) मेसर्स पंडित ट्रैवेल्स, (2) एस0 के0 इन्टरप्राईजेस एवं (3) मेसर्स सबसमान प्रा0 लि0 के प्रस्तावों को अर्ह नहीं पाया गया था। तत्पश्चात् प्राधिकृत समिति की दिनांक 30.05.2023 को सम्पन्न बैठक में तकनीकी रूप से अर्ह अन्य 04 निविदाकर्ताओं की वित्तीय निविदायें खोली गयीं जो कि निम्नवत थीं:—

| S. No. | Seller Name | Total Price (Annual) | Per Month per ambulance hiring cost (inclusive of all taxes including GST) | Rank |
|---|---|---|---|---|
| 1. | M/s Lifejet Cardiac Ambulance Service | Rs. 1,39,20,000.00 | Rs. 1,45,000.00 | L1 |
| 2. | M/s Jeewak Ambulance Services | Rs. 1,43,79,456.00 | Rs. 1,49,786.00 | L2 |
| 3. | M/s Federal Security Pvt. Ltd. | Rs. 1,53,50,208.00 | Rs. 1,59,898.00 | L3 |
| 4. | M/s Ansh Enterprises | Rs. 10,08,00,000.00 | Rs. 10,50,000.00 | L4 |

3— उपरोक्तानुसार 'नामित समिति' द्वारा मेसर्स लाईफजेट कार्डियाक एम्बुलेन्स सर्विस की वित्तीय निविदा उच्चतम होने के कारण उन्हें पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कुल 08 एडवान्सड कैटेगरी लाईफ सपोर्ट मशीनों सहित हाई रूफ एम्बुलेन्सेस उपलब्ध कराये जाने हेतु चयनित किये जाने की संस्तुती प्रदान की गयी थी। तत्क्रम में दिनांक 09.06.2023 को मेसर्स लाईफजेट कार्डियाक एम्बुलेन्स सर्विस को 'लेटर ऑफ एवॉर्ड' जारी कर अनुबन्ध निष्पादित कर लिया गया है।

उपरोक्तानुसार प्राधिकरण द्वारा कि गयी कार्यवाही से सहमत होते हुए, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कुल 08 एडवान्सड कैटेगरी लाईफ सपोर्ट मशीनों सहित हाई रूफ एम्बुलेन्सेस उपलब्ध कराये जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित कर न्यूनतम वित्तीय निविदा रू0 1,45,000.00 (एक लाख पैतालिस हजार रूपये) मात्र प्रति माह प्रति एम्बुलेंस हाईरिंग कॉस्ट (सभी टैक्स एवं जी0एस0टी0 सहित) प्रस्तुत करने वाली एजेंसी मेसर्स लाइफजेट कार्डियाक एम्बुलेंस सर्विस के चयन पर निदेशक मण्डल द्वारा कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

<u>एजेण्डा बिन्दु—19:—</u> Adani Ports and Logistics <u>द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे के सन्निकट 7 जनपदों में इन्टीग्रेटेड इण्डस्ट्रियल एण्ड लॉजिस्टिक हब्स/क्लस्टर्स स्थापित किये जाने के सम्बंध में।</u>

निदेशक मण्डल द्वारा निर्देशित किया गया कि वेयर हाउस/लॉजिस्टिक्स के सम्बन्ध में नवीन शासनादेश के परिप्रेक्ष्य में पुनः प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये।

अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–01:–

**उ0प्र0 डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना के कानपुर नोड में ग्राम–साढ़, तहसील–नर्वल, जनपद–कानपुर नगर में अवस्थित मकान के मूल्यांकन के भुगतान किये जाने की अनुमति के सम्बंध में।**

निदेशक मण्डल द्वारा परिसम्पत्ति के सापेक्ष मूल्यांकित धनराशि का भुगतान किये जाने की वांछित अनुमति प्रदान किये जाने की समिति की संस्तुति के कार्यवृत्त को अनुमोदन प्राप्त किया गया।

अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–02:–

**RENEWAL OF ENGAGEMENT OF CONSULTANTS FOR UP DEFENCE INDUSTRIAL CORRIDOR**

डिफेन्स कारिडोर में निर्यात प्रोत्साहन हेतु तैनात के0पी0एम0जी0 संस्था का सेवा अनुबंध विस्तार किये जाने विषयक प्रस्ताव पर चर्चा उपरान्त अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि यह स्पष्ट किया जाना आवश्यक है, कि संस्था का सेवा अनुबंध प्रस्ताव अधिकतम 03 वर्ष था अथवा 05 वर्ष यदि अनुबंध 03 वर्ष का था, तो सेवा अनुबंध विस्तारित नहीं किया जाना है एवं यदि मूल अनुबंध में 05 वर्ष तक अुबंध विस्तार का प्राविधान था, तो अनुबंध को आगे विस्तारित किया जा सकता है। प्रस्ताव में इस सम्बन्ध में अभिलेख संलग्न नहीं किये गये है, इसलिए यह आवश्यक है, कि के0पी0एम0जी0 संस्था एवं यूपीडा के मध्य हुये मूल अनुबंध को आगामी निदेशक मण्डल में अवलोकीत कराये जाये एवं वर्तमान सेवा अनुबंध आगामी निदेशक मण्डल की बैठक तक विस्तारित किये जाने की अनुमति प्रदान की गई।

अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–03:–

**बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के एवेन्यू क्षेत्र में महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से औषधीय पौधों का रोपण कराये जाने के प्रस्ताव को टेक्निकल सेल, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे एवं विधि सलाहकार, यूपीडा के मत एवं तत्क्रम में गठित की गयी समिति की संस्तुति पर विचार करने के सम्बन्ध में।**

डी0पी0आर0 के अनुसार सभी पैकेजों में वृक्षारोपण व देख–रेख कार्य करने के लिए अनुमन्य/निर्धारित धनराशि एवं उसके सापेक्ष व्यय की गयी धनराशि एवं अवशेष धनराशि जिसके सापेक्ष पौध रोपण की संख्या का विवरण तथा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे की दोनों पटरियों की रिक्त भूमि पर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से औषधीय पौधों का रोपण कराये जाने का प्रस्ताव पत्रावली पर प्रस्तुत किया जाये।

अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–04:–

**गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर प्रस्तावित चेंज ऑफ स्कोप के निस्तारण हेतु कार्यालय ज्ञाप 1210/यूपीडा/18/1179–III/तक0 दिनांक 26.05.2023 के द्वारा गठित समिति की बैठक की संस्तुति के उपरान्त मा0 निदेशक मण्डल का अनुमोदन।**

कुल 7 चेंज ऑफ स्कोप प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये थे, जिनमें से 05 पैकेज–01 से एवं 02 पैकेज–02 से सम्बन्धित थे। मा0 निदेशक मण्डल द्वारा पैकेज–01 के 01 कार्य, Ground Improvement below RE Wall Foundation in the approaches due to introduction of underpasses under Change of Scope को अस्वीकृत करते हुए अन्य प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–05:–

**गंगा एक्सप्रेसवे के संरेखण में पड़ने वाले विद्युत पारेषण लाईनों के विस्थापन हेतु प्राप्त प्राकलन के विरूद्ध भुगतान किये जाने के संबंध में।**

अध्यक्ष महोदय द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे के संरेखण में पड़ने वाले विद्युत पारेषण (ट्रांसमिशन) लाईनों के विस्थापन हेतु मेसर्स ओबर सी बदायू ट्रांसमिशन लि0 के प्राप्त प्राकलन के विरूद्ध भुगतान किये जाने के संबंध में प्राकलन के भुगतान के आधार को जानने की अपेक्षा की गई जिस पर मुख्य महाप्रबन्धक (यूटिलिटी) द्वारा अवगत कराया गया है, कि उक्त फर्म द्वारा प्रथमतः रू0 88957196/– का प्राकलंन प्रेषित किया गया था, जिसके साथ कोई भी एस0ओ0आर0 संलग्न नहीं था। जिसके उपरान्त यूपीडा द्वारा फर्म को यू0पी0पी0टी0सी0एल0 की उपलब्ध कास्ट डाटा बुक की दरों के अनुसार प्राप्त प्राकलन को आगणित कर के 50 प्रतिशत धनराशि रू0 20564837/– का भुगतान किया गया। किन्तु फर्म ने उक्त भुगतान के बाद यह पत्र द्वारा सूचित किया कि उसके द्वारा तैयार किया गया प्राकलन प्रचलित बाजार दरों के अनुसार बनाया गया है, तथा फर्म ने शत प्रतिशत भुगतान का आग्रह किया। तदोपरान्त यूपीडा द्वारा उनके पत्र के विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुये संशोधित प्राकलन प्रेषित करने हेतु फर्म से आग्रह किया गया। अन्ततः फर्म ने दिनांक 21.06.2023 को रू0 55215532/– का संशोधित प्राकलन यूपीडा को उपलब्ध कराया। जो यूपीडा द्वारा परीक्षणोपरान्त रू0 51090252/– आगणित किया गया। जिसका भुगतान किये जाने योग्य होने के कारण समिति को अनुमोदनार्थ प्रस्तावित किया गया है।

तदोपरान्त उपरोक्त एजेण्डा बिन्दु के प्रस्ताव को संज्ञान में लेते हुये, प्रस्ताव को यथावत् निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–06:–

**बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के संरेखण में पड़ने वाले विद्युत लाईनों के पूर्ण विस्थापन के बाद भुगतान के संबंध में।**

बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के संरेखण में पड़ने वाले विद्युत लाईनों के पूर्ण विस्थापन के बाद भुगतान के संबंध में प्रस्तुत एजेण्डा बिन्दु के प्रस्ताव पर अध्यक्ष महोदय द्वारा चर्चा उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि प्रकरण समस्त तथ्यात्मक अभिलेखों के साथ पत्रावली पर प्रस्तुत की जायें एवं एजेण्डा बिन्दु को निक्षेपित किया गया।

अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–07–

**अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री श्रीश चन्द्र वर्मा को उनकी सेवानिवृत्ति के उपरान्त वरिष्ठ सलाहकार (अनुश्रवण एवं मूल्यांकन) के पद पर संविदा के आधार पर तैनात किये जाने के सम्बन्ध में।**

अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्ताव पर निर्देशित किया गया कि यह प्रकरण श्री श्रीश चन्द्र वर्मा, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के सेवानिवृत्त (31.07.2023) होने के उपरान्त प्रस्तुत किया जायें।

अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–08–

**यूपीडा के द्वारा निर्मित एक्सप्रेसवे परियोजनाओं में मानसून सत्र–2023 में ई0पी0सी0 कॉन्ट्रैक्टर्स के द्वारा अनुबन्ध के अनुसार वृक्षारोपण करने के अतिरिक्त रिक्त पड़ी भूमि पर सघन वृक्षारोपण करने हेतु कार्ययोजना का अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

आगरा–लखनऊ, पूर्वांचल एवं बुन्देखण्ड एक्सप्रेसवे के डी0पी0आर0 के अनुसार वृक्षारोपण एवं देख–रेख कार्य के लिए आवंटित धनराशि, अबतक व्यय की गयी धनराशि तथा अवशेष धनराशि तथा पौध रोपण की संख्या का विवरण एवं उक्त सभी परियोजनाओं में ग्रामवार दोनों पटरियों पर रिक्त पड़ी भूमि को ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 के सहयोग से ग्राम प्रधानों को वृक्षारोपण के लिए उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पत्रावली पर प्रस्तुत किया जाये।

मा0 मुख्यमंत्री जी के वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित किया जाये, जिसमें एक लाख पौधों का रोपण निर्धारित स्थल एवं उसके आस–पास के चिन्हित स्थलों पर कराने का प्रस्ताव पत्रावली पर प्रस्तुत किया जाये।

अंत में उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित बोर्ड सदस्यों को बैठक में प्रतिभाग हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक का समापन किया गया।

---

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 04.07.2023 को सम्पन्न हुई 84वीं बोर्ड बैठक के उपरोक्त कार्यवृत्त अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त एवं अध्यक्ष यूपीडा निदेशक मण्डल द्वारा दिनांक 09.07.2023 को अनुमोदित किये गये हैं।

(विश्वजीत राय)
उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी